# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 17 सितम्बर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित डेलिगेट्स की बैठक आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर संगठन चुनाव हेतु नियुक्त प्रदेश चुनाव अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह कुम्पावत द्वारा ली गई। बैठक में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने प्रस्ताव प्रस्तुत किया कि **राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष तथा राजस्थान से एआईसीसी डेलिगेट्स का चयन** कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा किया जाये। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने समर्थन किया तथा कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य श्री रघुवीर मीणा ने अनुमोदन किया। उक्त प्रस्ताव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित सभी 400 डेलिगेट्स द्वारा सर्वसम्मति से पारित प्रस्ताव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी में प्रस्तुत करने हेतु प्रदेश चुनाव अधिकारी श्री राजेन्द्र सिंह कुम्पावत को सौंपा गया।

प्रदेश चुनाव अधिकारी द्वारा ली गई बैठक के पश्चात् राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनिर्वाचित डेलिगेट्स की बैठक को जारी रखते हुये राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने सभी नवनिर्वाचित डेलिगेट्स को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस को मजबूती एवं ताकत प्रदान करने वाले महत्वपूर्ण सदस्य आज डेलिगेट्स के रूप में चुनकर आये हैं तथा जो नेता एवं कार्यकर्ता शेष रह गये हैं उन्हें जल्द ही मनोनीत किया जायेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली जा रही है उसमें शामिल जनता के काफिले को देखकर मोदी एवं भाजपा समर्थक बौखलाये हुये हैं। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी की यात्रा का दिनों-दिन देश में समर्थन बढ़ रहा है तथा बाबा रामदेव जैसे आलोचक भी आज स्तब्ध हैं एवं यात्रा की तारीफ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी के यात्रा मार्ग में राजस्थान शामिल है तथा राजस्थान आगमन पर प्रदेश के हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं आमजन यात्रा में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार के गुडगर्वनेन्स की लोग चर्चा करते हैं तथा वर्तमान में आयोजित राजीव गाँधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में प्रदेश की फिजा को ही बदल दिया है। उन्होंने कहा कि आज राजीव गाँधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों में बच्चे और बूढ़े एक साथ खेलकर आनन्द प्राप्त कर रहे हैं तथा राजस्थान सरकार को धन्यवाद दे रहे हैं कि वृद्धावस्था में भी लोगों को बचपन जीने का अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्ष से केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर अपना योगदान प्रदान करने वाले प्रदेश कांग्रेस के डेलिगेट्स चुनकर आये हैं जो धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने

2.........

Created by Universal Document Converter

कहा कि डेलिगेट्स के निर्वाचन के पश्चात् सभी कांग्रेसजन नई ऊर्जा के साथ संगठन को और अधिक मजबूत करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पीसीसी डेलिगेट्स का अधिवेशन आयोजित कर जनभावनाओं से राजस्थान सरकार को अवगत करवाया था तथा अधिवेशन में पारित प्रस्तावों के अनुरूप मुख्यमंत्री महोदय ने राजस्थान के बजट की घोषणायें की थी। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी नवनिर्वाचित डेलिगेट्स का अधिवेशन आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजन मिलकर अपनी पूरी ताकत के साथ प्रदेश में काम करते रहेंगे तथा सुनिश्चित करेंगे कि वर्ष 2023 में पुन: राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बने एवं श्री राहुल गाँधी के नेतृत्व में सभी कांग्रेसजन मिलकर वर्ष 2024 में केन्द्र से मोदी सरकार की विदाई सुनिश्चित कर कांग्रेस की सरकार बनायेंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं राजस्थान प्रभारी श्री अजय माकन ने बैठक में उपस्थित नवनिर्वाचित डेलिगेट्स को बधाई देते हुये कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री महोदय ने कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सरकार के नीतिगत् निर्णयों में सहभागी बनाया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार का पिछला बजट कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जनभावनाओं को व्यक्त करते हुये पारित प्रस्तावों के आधार पर बनाया गया जिसकी मिसाल देश में नहीं है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार ने एक से बढ़कर एक जनकल्याणकारी योजनायें लागू की है जिनका प्रचार-प्रसार करना कार्यकर्ताओं का कर्त्तव्य है। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो पदयात्रा प्रारम्भ कन्याकुमारी से हुई है किन्तु इस पदयात्रा की रूपरेखा राजस्थान के उदयपुर में आयोजित चिंतन शिविर में ही तय की गई थी। उन्होंने कहा कि राजस्थान के कांग्रेसजनों का दायित्व है कि भारत जोड़ो पदयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल रहे क्योंकि जब देश मंहगाई, बेरोजगारी जैसी समस्याओं से त्रस्त है, भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है, ऐसे माहौल में श्री राहुल गाँधी भारत जोड़ने के लिये 3500 किलोमीटर की लम्बी पदयात्रा कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने नवनिर्वाचित डेलिगेट्स को बधाई देते हुये कहा कि आज इस बैठक में मौजूद कांग्रेसजन एक कुनबे के सदस्य है। उन्होंने प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा को धन्यवाद देते हुये कहा कि लम्बे समय के पश्चात् प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा डेलिगेट्स का अधिवेशन बुलाया गया था जिसमें आमजनता की भावनाओं से सरकार को अवगत कराते हुये प्रस्ताव पारित किये गये थे एवं राजस्थान में उन प्रस्तावों व सिफारिशों को ध्यान में रखते हुये बजट प्रस्तुत किया गया। उन्होंने कहा कि अधिवेशन के माध्यम से जनभावनाओं एवं जनअपेक्षाओं की जानकारी मिलती है तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर नीतिगत् निर्णय लेने में सहायता मिलती है। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं की कांग्रेस के कारण पहचान बनी ऐसे लोग संकट के समय पार्टी

3........

Created by Universal Document Converter

छोड़कर जा रहे हैं जबकि पार्टी ही नहीं आज देश भी संकट में है। उन्होंने कहा कि देश में जिस तरह का माहौल बना है वह देशहित में नहीं है तथा लोकतंत्र पर प्रहार हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले भी संकट आये हैं किन्तु कांग्रेस पार्टी हमेशा मुश्किलों से उबर कर मजबूती के साथ खड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्रीमती इंदिरा गाँधी ने भी सरकार में वापसी की थी तथा देश में इतिहास बनाया। उन्होंने कहा कि पूर्व में वाजपेयी सरकार के दौरान इंडिया शाईनिंग का प्रचार अभियान चला, ऐसा माहौल बनाया गया कि भाजपा चुनाव जीत जायेगी किन्तु श्रीमती सोनिया गाँधी के अथक् प्रयासों एवं कुशल नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी सत्ता में आई। उन्होंने कहा कि सत्ता प्राप्ति के बावजूद श्रीमती सोनिया गाँधी ने प्रधानमंत्री पद लेने से इंकार करते हुये डॉ. मनमोहन सिंह को सरकार की बागडौर सौंपी। उन्होंने कहा कि पिछले 32 वर्षों से गाँधी परिवार का कोई सदस्य सरकार में शामिल नहीं हुआ, किन्तु प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी परिवारवाद की बात करते हुये श्री राहुल गाँधी पर हमलावर रहते हैं। उन्होंने कहा कि श्री राहुल गाँधी द्वारा निकाली जा रही भारत जोड़ो पदयात्रा से देश एकता के सूत्र में बंध रहा है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजन विचारधारा के माध्यम से एक सूत्र में बंधे हुये हैं। उन्होंने कहा कि विचारधारा के आधार पर सभी कांग्रेसजन एक है और कोई किसी गुट में बंटा हुआ नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी कांग्रेसजनों को वह खुद स्वयं से जुड़ा हुआ मानते हैं तथा सभी के साथ हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023 में राजस्थान में पुनः कांग्रेस की सरकार बनाकर देश में कांग्रेस की वापसी का रास्ता बुलंद करना है, एकजुट होकर एवं मतभेद भुलाकर सभी लोग प्रदेश में पार्टी का झण्डा बुलंद करें तथा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी एवं कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी की अपेक्षाओं पर खरा उतरें। मुख्यमंत्री श्री आशोक गहलोत ने कहा कि उनकी भावना यह है कि श्री राहुल गाँधी कांग्रेस के अध्यक्ष बनकर पार्टी की कमान सम्भालें जिस पर प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने उनका समर्थन किया तथा उपस्थित सभी नवनिर्वाचित डेलिगेट्स ने समर्थन में हाथ उठाकर अपनी सहमति दी।

बैठक में एआईसीसी के संगठन सचिव श्री काजी निजामुद्दीन, पंजाब प्रभारी श्री हरीश चौधरी, एआईसीसी सचिव श्री धीरज गुर्जर, राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बी. डी. कल्ला शामिल हुये।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter